# University in News on 11 April 2021


University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष
100 Years 1920-2020

## NBT PAGE 4

### एलयू: पहले चरण में शिक्षक, कर्मचारियों को लगेगा टीका

■ **एनबीटी, लखनऊ:** 11 से 14 अप्रैल तक टीकाकरण उत्सव में भागीदारी के लिए एलयू ने कार्ययोजना तैयार की है। कुलसचिव विनोद कुमार शुक्ल ने बताया कि पहले चरण में विवि के शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ उनके परिवार के सदस्यों को नजदीकी टीका केंद्र पर जाकर टीकाकरण करवाना होगा। पहले चरण में हुए टीकाकरण की सूचना रोजाना दिए गए गूगल फॉर्म लिंक पर भरी जाएगी।

कुलसचिव ने बताया कि विवि एनसीसी और एनएसएस प्रभारी दो-तीन वॉलनटियर की टीम तैयार कर विवि के पास की बस्तियों के लोगों को प्रेरित कर टीकाकरण केंद्र तक ले जाएंगे। सभी संबद्ध कॉलेज के शिक्षक और कर्मचारी भी परिवारीजनों का टीकाकरण कराएंगे। इसके अलावा अधिकारी यूडीआरसी परिसर में नामांकित सभी छात्र-छात्राओं को एसएमएस के माध्यम से परिवारीजनों और पड़ोसियों को टीकाकरण करवाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। वहीं, वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने भी सभी शिक्षकों से टीकाकरण करवाने की अपील की है।



## AMRIT VICHAR PAGE 3

### तीन शिक्षक संक्रमित, एक की मौत

अमृत विचार, लखनऊ

**लखनऊ विश्वविद्यालय**

- **कोरोना के चलते कई कर्मचारी भी हो चुके संक्रमित**
- **विश्वविद्यालय के अब तक 20 शिक्षक आए चपेट में**

लखनऊ विश्वविद्यालय में कोरोना संक्रमण काफी तेजी से फैलता जा रहा है। तीन और शिक्षक कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। विश्वविद्यालय के अब तक 20 शिक्षक कोरोना संक्रमित हुए हैं, जिनमें से दो की मौत हो चुकी है। साथ ही बीती रात को परीक्षा विभाग में तैनात रहे एक कर्मचारी की कोरोना संक्रमण के चलते मौत हो गई है।

विश्वविद्यालय में संक्रमण को देखते हुए वनस्पति विज्ञान की प्रो. नलिनी पांडेय ने विद्यार्थियों ने घर जाने की अपील की है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि राजधानी में कोरोना भयावह स्थिति में पहुंच चुका है इसलिए आप सभी अपने घरों को चले जाइए। छात्रावासों में लगातार सैनिटाइजेशन किया जा रहा है फिर भी संक्रमण बढ़ रहा है। अपनी अध्ययन सामग्री लीजिए और घर चले जाइए। सुरक्षित रहें, स्वस्थ रहें। शासन ने विश्वविद्यालय व सहयुक्त महाविद्यालय 15 अप्रैल तक बंद करने का निर्णय लिया है। इसके अलावा लविवि प्रशासन ने विद्यार्थियों को हॉस्टल खाली करने का निर्देश जारी कर दिया है। इस बाबत लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह की ओर से जारी आदेश में बताया गया कि 15 अप्रैल तक लविवि व सहयुक्त महाविद्यालय बंद किए जाते हैं। ऑनलाइन क्लास चलती रहेंगी। वहीं, डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में पुरुष व महिला छात्रावास, मेस को बंद कर दिया गया है। विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन क्लास शुरू की गई हैं। उधर, बीबीएयू प्रशासन ने छात्रावास में रह रहे परास्नातक (पीजी) व पीएचडी विद्यार्थियों से कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने और अनावश्यक परिसर या बाहर न घूमने की अपील की है।

## i-NEXT PAGE 6

### गेस्ट फैकल्टी को अब बढ़ाकर दिया जाएगा मानदेय

**लखनऊ यूनिवर्सिटी ने गेस्ट फैकल्टी के मानदेय में किया बदलाव**

**LUCKNOW(10 APRIL):** लखनऊ विश्वविद्यालय में अब स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों में गेस्ट फैकल्टी से लेकर विषय विशेषज्ञों को नए सत्र से बढ़ा मानदेय दिया जाएगा. यूनिवर्सिटी प्रशासन ने इसे हरी झंडी दे दी है. नई व्यवस्था के तहत पीजी में सब्जेक्ट एक्सपर्ट, गेस्ट फैकल्टी, विजिटिंग प्रोफेसर को प्रति लेक्चर 800 रुपये मानदेय मिलेगा. वहीं, यूजी, डिप्लोमा में सब्जेक्ट एक्सपर्ट, गेस्ट फैकल्टी, विजिटिंग प्रोफेसर को प्रति लेक्चर 600 रुपए दिए जाएंगे.

**लखनऊ यूनिवर्सिटी में कई नियमित एवं स्ववित्तपोषित कोर्स चलाए जाते हैं. इनमें कई प्रकार की क्लास, विशिष्ट लेक्चर के लिए विषय विशेषज्ञ, विजिटिंग लेक्चर आदि के लिए शिक्षकों को दूसरे शहरों से मानदेय देकर बुलाया जाता है.**

**कई कोर्स चल रहे**

लखनऊ यूनिवर्सिटी में कई नियमित एवं स्ववित्तपोषित कोर्स चलाए जाते हैं. इनमें कई प्रकार की क्लास, विशिष्ट लेक्चर के लिए विषय विशेषज्ञ, विजिटिंग लेक्चर आदि के लिए शिक्षकों को बाहर से बुलाया जाता है. इसके अलावा पीएचडी थीसिस के लिए परीक्षक जाते हैं या फिर विशेष व्याख्यान के लिए प्रोफेसरों को आमंत्रित किया जाता है, लेकिन उन्हें दिया जाने वाला मानदेय काफी कम है. इसे देखते हुए यूनिवर्सिटी ने बीते मार्च माह में एक कमेटी बनाकर रिपोर्ट मांगी थी. रिपोर्ट आने के बाद वित्त समिति की बैठक में मानदेय को नए सिरे से तय करने का फैसला लिया गया है.

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 1

### लविवि: एक कर्मचारी की मौत, चार और शिक्षक संक्रमित

लखनऊ विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग के एक कर्मचारी की शनिवार को कोरोना से मौत हो गई। वहीं, चार और शिक्षक संक्रमित हो गए। जानकारी अनुसार परीक्षा विभाग में कार्यरत 50 वर्षीय कर्मचारी को कुछ दिन पहले बुखार आया था। जांच में वह कोरोना पॉजिटिव निकला। शनिवार सुबह उसने दम तोड़ दिया। वहीं, विवि के एक अन्य कर्मचारी की भी मौत हुई। हालांकि, इसका कारण कुछ और बीमारी बताया जा रहा है। उधर, फिजिक्स विभाग व इंजीनियरिंग संकाय के दो-दो शिक्षकों को कोरोना हो गया है। अब तक 20 से अधिक शिक्षक संक्रमित हो चुके हैं। बावजूद इसके परिसर व शिक्षक कॉलोनी में व्यापक सैनिटाइजेशन नहीं हो रहा है।

## VOICE OF LUCKNOW PAGE 4

### लविवि में तीन और शिक्षक संक्रमित, अब तक तीन की मौत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लविवि में कोरोना संक्रमण काफी तेजी से फैलता जा रहा है। तीन और शिक्षक कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। विश्वविद्यालय के अब तक 20 शिक्षक कोरोना संक्रमित हुए हैं जिनमें से दो की मौत हो चुकी है। साथ ही बीती रात को परीक्षा विभाग में तैनात रहे एक कर्मचारी की कोरोना संक्रमण के चलते मौत हो गई है। विश्वविद्यालय में संक्रमण को देखते हुए वनस्पति विज्ञान की प्रो. नलिनी पांडेय ने विद्यार्थियों ने घर जाने की अपील की है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि राजधानी में कोरोना भयावह स्थिति में पहुंच चुका है इसलिए आप सभी अपने घरों को चले जाइए। छात्रावासों में लगातार सैनिटाइजेशन किया जा रहा है फिर भी संक्रमण बढ़ रहा है। अपनी अध्ययन सामग्री लीजिए और घर चले जाइए। सुरक्षित रहें, स्वस्थ रहें। शासन ने विश्वविद्यालय व सहयुक्त महाविद्यालय 15 अप्रैल तक बंद करने का निर्णय लिया है। इसके अलावा लविवि प्रशासन ने विद्यार्थियों को हॉस्टल खाली करने का निर्देश जारी कर दिया है। इस बाबत लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉण विनोद कुमार सिंह की ओर से जारी आदेश में बताया गया कि 15 अप्रैल तक लविवि व सहयुक्त महाविद्यालय बंद किए जाते हैं। ऑनलाइन क्लास चलती रहेंगी। वहींए डॉण शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में पुरुष व महिला छात्रावासए मेस को बंद कर दिया गया है। विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन क्लास शुरू की गई हैं। उधरए बीबीएयू प्रशासन ने छात्रावास में रह रहे परास्नातक पीजी व पीएचडी विद्यार्थियों से कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने और अनावश्यक परिसर या बाहर न घूमने की अपील की है।